भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1561

दिनांक 20 सितंबर, 2020 को उत्तर देने के लिए

सीपीएसई का कार्यनिष्पादन

1561. श्री बैन्नी बेहनन:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2020 को पहली छमाही के दौरान सरकार के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसईज) का कार्यनिष्पादन क्या है;

(ख) महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इस अवधि के दौरान नवरत्न कंपनियों के परिणाम क्या रहे; और

(ग) क्या इन कंपनियों में कोई लागत में कटौती के कारण नौकरी की हानि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क), (ख) और (ग): केंद्रीय सरकारी लोक उद्यम (सीपीएसईज़) वर्ष 2020 के दौरान अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं ताकि देश भर में आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं जैसे बिजली, एलपीजी और ईंधन, दूरसंचार और इंटरनेट कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स और इसी तरह की अन्य सेवाओं आदि की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। वित्तीय वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में नवरत्न सीपीएसईज़ के वित्तीय कार्य-निष्पादन का ब्योरा अनुबंध में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, नवरत्न सीपीएसईज़ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यद्यपि इस अवधि के दौरान मितव्ययिता संबंधी विभिन्न उपाय किए गए हैं, तथापि इन सीपीएसईज़ में कोई नौकरी की हानि नहीं हुई है ।

दिनांक 20.09.2020 को उत्तर देने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1561 के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुबंध

<u>नवरत्न सीपीएसईज़ का वित्तीय कार्य-निष्पादन</u>

राशि (रूपए करोड़ में)

		तिमाही-1 वित्तीय वर्ष 2020-21		
क्र. सं	सीपीएसई	प्रचालन से राजस्व	पीबीटी	पीएटी
1	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड	1,670.59	76.24	54.13
2	कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1,189.14	83.34	61.670
3	इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड	467.84	65.32	48.08
4	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड	1,736.97	217.60	151.44
5	महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड	352.07	-636.41	-636.41
6	राष्ट्रीय एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड	1,380.63	24.67	16.63
7	एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड	436.45	11.01	7.84
8	एनएलसी इंडिया लिमिटेड	2,083.29	455.42	292.54
9	एनएमडीसी लिमिटेड	1,937.50	760.00	532.90
10	ऑयल इंडिया लिमिटेड	1,743.92	-251.89	-248.61
11	पीएफसी लिमिटेड	8,757.67	2,126.35	1,699.56
12	राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड	2,339.00	-1,408.00	-1,477.00
13	आरईसी लिमिटेड	8,420.77	2,477.05	1,839.01
14	शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1,143.46	331.58	317.48
	कुल	**33,659.30**	**4,332.28**	**2,659.26**